# चंपत राय समेत 14 पर आरोप तय

- राम मंदिर चढ़ावा केस पर हाईकोर्ट ने सुनवाई टाली
- इस मामले को प्राथमिकता देने का आधार नहीं : कोर्ट



**लखनऊ, 22 जून. अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे और दान राशि के कथित गबन से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आउट ऑफ टर्न सुनवाई की मांग ठुकरा दी है.**

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि इस मामले को तत्काल प्राथमिकता देने का कोई आधार फिलहाल नहीं बनता. याचिकाकर्ता मोहित अशोक ने अपनी याचिका में राम मंदिर में चढ़ावे के प्रबंधन, दान राशि के कथित दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की थी. इसके साथ ही उन्होंने पूरे मामले का सीएजी से ऑडिट कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश देने की गुहार भी लगाई थी. इस मामले की गोपनीय रिपोर्ट सोमवार को पीएमओ पहुंची। जिसमें 30 लोगों की भूमिका स्कंदिग्ध है और कइयों की भूमिका अहम् है.

> जस्टिस पंकज भाटिया और जस्टिस अमिताभ कुमार राय की बेंच ने मौखिक तौर पर कहा कि अदालत के सामने पहले से बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं और सिर्फ आरोपों के आधार पर किसी एक याचिका को विशेष प्राथमिकता देना उचित नहीं होगा. कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार इस मुद्दे पर पहले ही संज्ञान ले चुकी है. दरअसल, राज्य सरकार ने आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित किया है, जो मंदिर ट्रस्ट, प्रशासनिक अधिकारियों और चढ़ावे के प्रबंधन से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है.

याचिका में आरोप लगाया गया है कि मंदिर में चढ़ावे और दान के रखरखाव में गंभीर अनियमितताएं हुई और इस पूरे प्रकरण में चंपत राय समेत 14 जिम्मेदारों की भूमिका की जांच जरूरी है. याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से यह भी कहा गया कि मामला धार्मिक आस्था, सार्वजनिक दान और पारदर्शिता से जुड़ा है, इसलिए इसकी जल्द सुनवाई होनी चाहिए. लेकिन अवकाश पीठ ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया. एसआईटी ने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों, कर्मचारियों और चढ़ावे की गिनती व रखरखाव से जुड़े कई लोगों से पूछताछ की है. चंपत राय और मंदिर प्रशासन से जुड़े अन्य जिम्मेदारों से भी सवाल-जवाब किए गए हैं.

## पीएम मोदी 6 जुलाई से छह दिन की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 से 11 जुलाई तक हिन्द प्रशांत के तीन देशों इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की छह दिन की यात्रा पर जायेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री तीनों देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। कुछ समझौतों पर भी हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है। वे भारतीय समुदाय के लोगों से संवाद करेंगे और उन्हें संबोधित भी करेंगे. न्यूजीलैंड में एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होने की भी संभावना है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा को इन तीनों देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने, समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है.

# भरत तिवारी एनकाउंटर पर बीसीआई चेयरमैन सख्त

- दोषियों पर केस भी होगा, नौकरी भी जाएगी : मिश्रा



**नई दिल्ली, 22 जून. भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में बीजेपी के राज्यसभा सांसद और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन मिश्रा का बड़ा बयान सामने आया है.**

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मामले की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं और जांच पूरी होने के बाद जो भी अधिकारी या कर्मी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी और विभागीय कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने लोगों से जांच पूरी होने तक धैर्य रखने की अपील भी की.

'दोषियों पर केस भी होगा, नौकरी भी जाएगी. मनन मिश्रा ने कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है. न्यायिक जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. उ भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में राज्य सरकार पहले ही पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच के आदेश दे चुकी है. विभागीय स्तर पर भी जांच चल रही है और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए कुछ अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है.

> उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी पुलिसकर्मी की भूमिका संदिग्ध या दोषपूर्ण पाई जाती है तो उसे सरकारी सेवा से भी बर्खास्त किया जाएगा. किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा. राज्यसभा सांसद ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल इस संवेदनशील मामले को लेकर माहौल बिगाड़ने और अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में राजनीतिक बयानबाजी से बचना चाहिए और न्यायिक जांच पूरी होने का इंतजार करना चाहिए.

# वर्षा ऋतु नवसृजन का काल लेकिन सतर्कता जरूरी : योगी

**लखनऊ, 22 जून. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्षा ऋतु के आगमन पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है. उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु नवसृजन, संवर्धन और समृद्धि का आगमन है.**



यह पावन काल प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व, संयम, संवेदनशीलता और संतुलित जीवन का संदेश देता है। योगी ने कहा कि वर्षा के समय आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी होती हैं. ऐसे में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और पेड़ों के नीचे खड़े न हों. उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से सावधानी बरतने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार अतिवृष्टि के कारण नदियों एवं जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ जाता है। इस दौरान नदियों और जलाशयों में स्नान करते समय विशेष सावधानी बरतें। बच्चों को नदी-तालाबों के पास अकेले न जाने दें। सरकार ने वर्षा ऋतु की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं.

## चीन ने 46 अमेरिकी कंपनियों से खरीद पर लगाया प्रतिबंध

**बीजिंग.** चीन ने 46 अमेरिकी कंपनियों से कोई भी उत्पाद खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। चीनी वित्त मंत्रालय ने सोमवार को इस आशय की सूची जारी की है। इन कंपनियों में लॉकहीड मार्टिन कॉरपोरेशन भी शामिल है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि लागू कानूनों और नियमों के अनुसार, सरकारी खरीद गतिविधियों के दायरे में 46 अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ प्रासंगिक कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। चीनी कंपनियों को इन 46 अमेरिकी कंपनियों में बने उत्पादों को खरीदने से रोक दिया गया है, चीन में काम कर रहे अमेरिकी निवेश वाले उद्यमों को इससे छूट दी गयी है। लॉकहीड मार्टिन पर प्रतिबंध लगाकर एक तरह से अमेरिका को भी संकेत दिया है.

## ब्रिटेन में भारतीय कप्तान अजय पंत गिरफ्तार

**मुंबई.** उत्तराखंड के रहने वाले भारतीय कप्तान अजय पंत की ब्रिटेन में गिरफ्तारी ने एक साधारण समुद्री ड्यूटी को अंतरराष्ट्रीय विवाद में बदल दिया है. अजय पंत उस तेल टैंकर के कप्तान हैं, जिसे ब्रिटिश एजेंसियों ने इंग्लिश चैनल में रोककर जब्त किया. ब्रिटेन का आरोप है कि यह जहाज रूस के तथाकथित 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा था और उस पर लदा तेल प्रतिबंधित रूसी आपूर्ति से जुड़ा हो सकता है. इसी आधार पर अजय पंत पर ब्रिटेन के रूस-प्रतिबंध नियमों के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है. उन्हें अदालत में पेश किया जा चुका है और दोष सिद्ध होने पर उन्हें कड़ी सजा तक का सामना करना पड़ सकता है.

# जयशंकर दौरे से खुलेंगे मंगोलिया के खजाने

नई दिल्ली, 22 जून. विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर सोमवार को दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर मंगोलिया पहुंचे हैं. मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में जयशंकर ने अपनी मंगोलियाई समकक्ष बत्त्सेत्सेग बत्मंख से मुलाकात की. उन्होंने कहा कि भारत मंगोलिया के साथ अपने करीबी और सौहार्दपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है. जयशंकर की इस यात्रा में मंगोलिया के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी पर जोर रहेगा. भारत की मंगोलिया से रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के साथ ही माइनिंग और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों पर नजर है. मंगोलिया से भारत को बड़े पैमाने पर फायदा हो सकता है क्योंकि यह देश यूरेनियम और सोने के बड़े भंडारों का मालिक है. चीन की मंगोलिया के संसाधनों पर निगाह रही है तो अब भारत ने भी इस ओर अपनी नजर की है. मंगोलिया की जमीन में दबा खजाना भारत की कई मोर्चों पर मदद कर सकता है.


## कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट, जिला बालाघाट

ई-मेल : cmo.balaghatmpurban@gmail.com

क्रमांक/ /रा.शा./न.पा.प./2026 3648 बालाघाट, दिनांक 22/06/2026

### ।। दुकानों के अन्तरण किये जाने सूचना ।।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका परिषद बालाघाट जिला बालाघाट द्वारा विकसित किये जा रहे वार्ड क्रमांक 22 में महात्मा गांधी स्कूल के सामने में निमार्णाधीन काम्पलेक्स में भूतल में 10 दुकान प्रथम तल पर 10 दुकान कुल 20 एवं काली पुतली चौक स्थित एटीएम कक्ष दुकानों का अन्तरण "मध्य प्रदेश नगर पालिका अचल सम्पत्ति का अन्तरण नियम-2016 तथा संशोधित नियम 04 मई 2021, एवं 28 मार्च 2023 में दिये गये शर्तों के अधीन 30 वर्ष की लीज पर किये जानो हेतु लम्प-सम्प (उच्चत्तम दर) आधार पर ऑन लाईन निविदा बुलाई जा रही है निविदा का विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाता जो वेबसाईट में पंजीकृत है इस निविदा में दरें प्रस्तुत कर सकते है। अंतरणसे संबंधित नियम, शर्तों एवं आरक्षण से संबंधित जानकारी एवं अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है । आरक्षित दुकान में भाग लेने हेतु जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। विवरण निम्नानुसार है :-

**स्थल :- वार्ड क्रमांक 22 में महात्मा गांधी स्कुल के सामनें निमार्णाधीन काम्पलेक्स की दुकानें एवं काली पुतली चौक स्थित एटीएम कक्ष**

| टेण्डर क्रं. | दुकान क्र. | दुकान का क्षेत्रफल | निर्धारित प्रीमियम राशि | वार्षिक- भू भाटक/ / किराया | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | आरक्षण संवर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_516193_1 | 1 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516204_1 | 2 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516211_1 | 3 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | एस.सी. |
| 2026_UAD_516212_1 | 4 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516222_1 | 5 | 2.5Mx 4.3M | 27,68,300-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 2,76,900.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516223_1 | 6 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516224_1 | 7 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516225_1 | 8 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516227_1 | 9 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | विधवा महिला |
| 2026_UAD_516230_1 | 10 | 2.5Mx 4.3M | 27,68,300-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 2,76,900.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516231_1 | 11 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516232_1 | 12 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516243_1 | 13 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | एस. टी. |
| 2026_UAD_516246_1 | 14 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516249_1 | 15 | 2.5Mx 4.3M | 27,68,300-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 2,76,900.00 | 5000-00 | अ.पि.वर्ग |
| 2026_UAD_516250_1 | 16 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | एस.सी. |
| 2026_UAD_516253_1 | 17 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516255_1 | 18 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516259_1 | 19 | 3.0Mx 4.3M | 32,80,900-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 3,28,100.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516263_1 | 20 | 2.5Mx 4.3M | 27,68,300-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 2,76,900.00 | 5000-00 | सामान्य |
| 2026_UAD_516286_1 | ATM Room | 3Mx 6M=18M | 45,96,000-00 | स्वीकृत प्रिमियम राशि का 02 प्रतिशत वार्षिक | 4,59,600.00 | 5000-00 | सामान्य |

**निविदा की शर्तें:-**

1. प्रत्येक निविदाकार शासन द्वारा जारी केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की बेबसाईट https://www.mptenders.gov.in में पंजीकृत होना अनिवार्य हैं जिस नाम से आई०डी० होगी उसी नाम से निविदा ऑफर प्रस्तुत किया जावेगा ।
2. निविदा प्रपत्र की खरीदी ऑन-लाईन बेबसाईट https://www.mptenders.gov.in में ऑन-लाईन पेमेन्ट एवं पोर्टल सर्विस चार्ज के द्वारा दिनांक 22/06/2026 समय 05.30 बजे से दिनांक 24/07/ 2026 समय 5:30 बजे तक खरीदे जा सकते हैं।
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि ऑन-लाईन पेमेन्ट द्वारा किया जावेगा ।
4. निविदा दस्तावेज में पेन कार्ड, आधार कार्ड, निविदा आवेदन पत्र, अमानत राशि एवं निर्धारित प्रारूप में शपथपत्र (100/- के स्टाम्प पर) जमा करना अनिवार्य होगा। आरक्षित दुकानों के लिये उक्त दस्तावेजों के अतिरिक्त सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. समस्त निविदा प्रपत्रों में निविदाकार को डिजीटल हस्ताक्षर करना होगा।
6. निविदा ऑन-लाईन जमा करने की दिनांक 22/06/2026 समय 5.30 से दिनांक 24/07/2026 समय 5.30 बजे तक हैं।
7. निविदा फार्म खोलने की दिनांक 27/07/2026 हैं।
8. निविदा में संशोधन केवल बेबसाईट पर देख सकते है। अखबारों में इसका प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया :-**

1. निविदा दो लिफाफा पद्धति (A,C) अनुसार ऑन लाईन प्रस्तुत की जावेगी ।
2. 1 लिफाफा के अन्दर ऑन लाईन निम्नलिखित अभिलेख होगें।
   पावती, निविदा प्रपत्र की रसीद
   पावती धरोहर राशि Online Payment Through Debit Card/Credit Card / Internet Banking or System Generated Challan
   पेन कार्ड, आधार कार्ड, आरक्षण की स्थिति में प्रमाण पत्र, निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र अदेय प्रमाण पत्र ।
3. लिफाफा - I में निर्धारित मापदण्ड / अर्हता पूर्ण करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अर्हता पूर्ण नहीं करने वाले निविदाकार को अपात्र मानकर वित्तीय लिफाफा - C नहीं खोला जावेगा ।
4. C (वित्तीय बिड) ऑन लाईन प्रस्तुत करनी होगी ।

**नोट:-**

1. दुकानों के ऑन-लाईन ऑफर प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को सर्वप्रथम अपना डिजीटल हस्ताक्षर बनवाना आवश्यक है इसके पश्चात https://www.mptenders.gov.in में अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर आई०डी० एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। डिजीटल हस्ताक्षर की सहायता से पासवर्ड के माध्यम से आवेदन की बेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर लॉगइन करने के पश्चात urban administration and development में जाकर टेण्डर सर्च कर अपनी पंसद की दुकान के लिए ऑन-लाईन आवेदन कय कर सकते हैं।
2. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए नगरपालिका परिषद बाल घाट जिला बालाघाट कार्यालय के राजस्व शाखा में कार्यालयीन दिवस एव समय पर देखी जा सकती हैं।

**(भारती सुरजीत सिंह ठाकुर)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला- बालाघाट**

**(सूर्यप्रकाश उके)**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला- बालाघाट**


## निशांत कुमार ही करेंगे जदयू का नेतृत्व




**पटना.** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में निशांत कुमार ही नीतीश कुमार के उत्तराधिकारी होंगे. जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने सोमवार को बताया कि निशांत कुमार आगे पार्टी का नेतृत्व करेंगे और वही इस पार्टी के भविष्य हैं. पार्टी संगठन को और मजबूत करने तथा उसके विस्तार को लेकर लगातार काम किया जा रहा है. संजय कुमार झा ने सोमवार को पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नीतीश कुमार पहले ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हो चुके थे. रविवार को राष्ट्रीय परिषद में इसका अनुमोदन किया गया. संजय कुमार झा ने निशांत कुमार को लेकर उन्होंने कहा कि वह अभी सरकार में काम कर रहे हैं और आगे संगठन में भी काम करेंगे. वहीं बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि निशांत कुमार युवा हैं और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं की लगातार मांग थी कि उन्हें पार्टी में शामिल किया जाए और राज्य में काम करने का मौका दिया जाए. निशांत कुमार को पार्टी में शामिल किया गया.

# नाफेड के नेफेक्स इन का शुभारंभ आज

दलहन एवं तिलहन के इन्वेंटरी मैनेजमेंट के लिए दृष्टि पोर्टल होगा मजबूत : अमित शाह

**नई दिल्ली 22 जून. केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को यहां अटल अक्षय ऊर्जा भवन में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ 'नाफेड' के नीलामी पोर्टल 'नेफेक्स इन' का शुभारंभ करेंगे.**

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. इस अवसर पर नाफेड के अध्यक्ष जेठाभाई अहीर, प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम के दौरान शाह नाफेड की कई महत्वपूर्ण डिजिटल और किसान-केंद्रित पहलों का शुभारंभ करेंगे. इनमें किसानों के बच्चों के लिए नाफेड-कल्याण छात्रवृत्ति, दलहन एवं तिलहन के इन्वेंटरी मैनेजमेंट के लिए दृष्टि पोर्टल और एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग को मजबूत करने के लिए ईआरपी पोर्टल शामिल हैं. कार्यक्रम के दौरान नीलामी पोर्टल पर लाइव पंजीकरण का प्रदर्शन और नीलामी प्रक्रिया का शुभारंभ भी किया जाएगा.इस पोर्टल की शुरूआत नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और संचालन की सुगमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. यह पोर्टल नीलामी से संबंधित गतिविधियों को व्यवस्थित करने और किसानों, सदस्य संस्थाओं तथा हितधारकों के हित में नाफेड की समग्र कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा. इस अवसर पर सहकारिता मंत्री किसानों के बच्चों को नाफेड कल्याण छात्रवृत्ति के चेक भी वितरित करेंगे. इन डिजिटल और कल्याणकारी पहलों का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विज़न को साकार करने और सहकारी संस्थाओं को तकनीक, पारदर्शिता तथा किसान-केंद्रित सुधारों के माध्यम से सशक्त बनाने के सरकार के प्रयासों के अनुरूप है.



> यह पहल किसान कल्याण और किसानों के बच्चों की शिक्षा को सहयोग देने की दिशा में नाफेड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है. शुभारंभ कार्यक्रम के बाद शाह नाफेड के निदेशक मंडल के सदस्यों से भेंट करेंगे. इस बैठक में नाफेड द्वारा गतिविधियों और प्रगति पर प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें केन्द्रीय मंत्री द्वारा पिछले दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई तथा नाफेड के भविष्य के रोडमैप पर चर्चा होगी. नाफेड किसानों को सहयोग देने, कृषि विपणन, खरीद और सहकारिता आधारित कृषि व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

# भारत ने पानी रोका तो होगी जंग

- पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत को दी गीदड़ धमकी

**नई दिल्ली, 22 जून. बीते साल तीखे सैन्य टकराव के एक साल बाद भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से तनाव बढ़ रहा है. इस बाद तनाव की मुख्य वजह सिंधु जल संधि है.**

भारत ने पिछले साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस संधि पर रोक लगा दी थी, जिससे पाकिस्तान बौखलाया हुआ है. इसी संधि को लेकर भारत पर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अब युद्ध की गीदड़ भभकी दी है.

आसिफ ने शुक्रवार को एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल पर कहा कि अगर इस्लामाबाद को लगता है कि उसके राष्ट्रीय हितों को खतरा है, तो पानी की सुरक्षा युद्ध की वजह बन सकती है. आसिफ ने पानी को पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बताया. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा हालात में सैन्य कार्रवा की जरूरत नहीं है. आसिफ ने इस तरह की टिप्पणी पहली बार नहीं की है, लेकिन इस बार यह ऐसे में आई है जब भारत ने सिंधु नदी प्रणाली की नदियों पर परियोजनाओं में तेजी लाई है. 1960 से चली आ रही इस संधि को भारत ने पिछले साल अप्रैल में रोक दिया था.

भारत ने कहा है कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते. पाकिस्तान का कहना है कि भारत पानी को हथियार बना रहा है.

# पेपर लीक : तीसरे दिन भी डटे रहे कॉकरोच

- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा की मांग को लेकर

नई दिल्ली, 22 जून. राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट यूजी पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी है. पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने साफ कर दिया है कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन खत्म नहीं होगा. इस बीच पुलिस के साथ नोकझोंक, प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने के बाद भी धरना जारी रहने, बिजली पानी की आपूर्ति पर विवाद और कैंडल मार्च की घोषणा जैसे घटनाक्रम इस आंदोलन को लगातार चर्चा में बनाए हुए हैं.


**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**

**कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्रमांक-02, भोपाल, पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)**

**दूरभाष क्रमांक : 0755-2673195, E-mail : laghubpl2@gmail.com**

**क्रमांक : लउनि/निर्माण/संभाग क्रमांक-02/भोपाल/2026-27/45**

**भोपाल, दिनांक 22.06.2026**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं :- **कार्य का नाम-** परीक्षण प्रयोगशाला भवन रिछाई जबलपुर, जिला जबलपुर में नवीन इलेक्ट्रिकल लेबोरेट्री मय स्पेसीमेन रूम तथा सिविल, मेकेनिकल एवं केमिकल लेबोरेट्री में रिनोवेशन एवं रखरखाव कार्य **(द्वितीय आमंत्रण)**, अनुमानित लागत राशि रु. 79.97 लाख। निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/126504/2026 **महाप्रबंधक (सं./नि.)**

**अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान**

(विश्वविद्यालय समतुल्य)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संगठन, भारत सरकार

गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई – 400088

संपर्क विवरण: टेलीफ़ोन: 91–22– 42372468

ईमेल : admission@iipsindia.ac.in वेबसाइट : www.iipsindia.ac.in

**प्रवेश घोषणा – शैक्षणिक वर्ष 2026–2027**

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), जो भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वर्ष 1956 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन है, शैक्षणिक सत्र 2026–2027 हेतु निम्नलिखित शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

- जनसंख्या अध्ययन में एम.ए./एम.एससी. [मासिक छात्रवृत्ति: ₹5,000/–]*
- जैव–सांख्यिकी एवं जनांकिकी में एम.एससी. [मासिक छात्रवृत्ति: ₹5,000/–]*
- सर्वेक्षण अनुसंधान एवं डाटा विश्लेषकी में एम.एससी. [मासिक छात्रवृत्ति: ₹5,000/]*
- जनसंख्या अध्ययन में पीएच.डी. [भारत सरकार–आईआईपीएस, यूजीसी–जेआरएफ छात्रवृत्ति आदि]
- जनसंख्या अध्ययन में अंशकालिक पीएच.डी.
- पोस्ट–डॉक्टोरल छात्रवृत्ति (पीडीएफ) कार्यक्रम [मासिक छात्रवृत्ति रु. 50,000/– + आवास भत्ता (एचआरए)]

[* छात्रावास सुविधा उपलब्ध है]

**आवेदन ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि: 30-06-2026 (सुबह 11.00 बजे)।**

अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें: www.iipsindia.ac.in

निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर (अतिरिक्त प्रभार)